Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

अलंकरण उत्सव

सिर्फ आसमाँ छू लेना ही सफलता नहीं है, सफलता तो इसमें हैं,
कि आसमाँ भी छू लिया जाए, और कदम भी जमीं पे रहें।।

08 मई 2023 को बाल भारती पब्लिक स्कूल, नोएडा के प्रांगण में अलंकरण उत्सव (इन्वेस्टीचर सेरेमनी) आन, बान और शान के साथ मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय श्री युवराज मलिक, निदेशक - नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया की उपस्थिति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर माननीय मुख्य अतिथि के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि डॉ0 कविता शर्मा, भूतपूर्व प्रधानाचार्या - हिंदू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा अनेक गणमान्य अतिथियों ने उपस्थित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। जहाँ बच्चों के सामूहिक गान ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं नृत्य कला की पराकाष्ठा ने सभी का दिल जीत लिया। समारोह में जाहनवी टंडन को प्रेसीडेंट - स्टूडेंट काउंसिल, क्षितिज शर्मा को वाइस प्रेसीडेंट - स्टूडेंट काउंसिल, नव्या थपलियाल को हेड गर्ल और अभिषेक राठी को हेड बॉय घोषित किया गया। इसी तारतम्य को आगे बढ़ाते हुए देवांश पांडे को हेड बॉय- प्राइमरी तथा दिशिता बगोरिया को हेड गर्ल - प्राइमरी से नवाज़ा गया। इसके अतिरिक्त खेलकूद, कला, साहित्य, संगीत, नृत्य तथा क्विज़ जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी छात्रों को विभिन्न पदों से अलंकृत किया गया तथा उन्हें अपने पद को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाने हेतु शपथ भी दिलाई गई। मुख्य अतिथि महोदय ने अपने आशीर्वाद से छात्रों को प्रोत्साहित किया और नेतृत्व के कुछ ऐसे सोपान बताए, जो छात्रों के लिए प्रेरणास्पद होंगे।

बुलंद हौंसले

मनमोहक प्रस्तुति

अंत में हेड गर्ल ने सभी का धन्यवाद किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आशा प्रभाकर ने सभी बच्चों के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद देने के साथ-साथ प्रगति पथ पर अग्रसर रहने का संदेश भी दिया एवं सभा में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार भी प्रकट किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।